C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:17 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 30 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 15 जुलाई 2025

दीया मिर्जा ने की हेड्स ऑफ स्टेट...पेज-3 पर

## उत्तराखंड के स्कूलों की प्रार्थना सभा में आज से बच्चे पढ़ेंगे श्रीमद्भगवद् गीता

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के स्कूलों में प्रार्थना सभा में हर दिन कम से कम एक श्लोक अर्थ सहित छात्र-छात्राओं को सुनाया जाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर श्रीमद् भगवद् गीता और रामायण को राज्य पाठ्यचर्या की रुपरेखा में शामिल कर लिया गया है। प्रदेश के सरकारी और अशासकीय विद्यालयों में बच्चे आज से प्रार्थना सभा में श्रीमद्भगवद् गीता पढ़ेंगे। उन्हें इसका श्लोक सुनाए जाने के साथ ही इसका अर्थ समझाते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण की



जानकारी भी दी जाएगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। शिक्षा निदेशक ने सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश में कहा, प्रार्थना सभा में हर दिन कम से कम एक श्लोक अर्थ सहित छात्र-छात्राओं को सुनाया जाए। जबकि सप्ताह में एक दिन मूल्य आधारित श्लोक को सप्ताह का श्लोक घोषित कर उसे सूचना पट्ट पर अर्थ सहित लिखा जाए। छात्र-छात्रा उसका अभ्यास करें एवं सप्ताह के अंतिम दिन इस पर चर्चा कर फीडबैक लिया जाए। शिक्षक समय-समय पर श्लोकों की व्याख्या करें और छात्र-छात्राओं को जानकारी दें कि श्रीमद्भगवद् गीता के सिद्धांत किस तरह से मूल्य, व्यवहार, नेतृत्व कौशल, निर्णय क्षमता, भावनात्मक संतुलन और वैज्ञानिक सोच विकसित करते हैं। छात्र-छात्राओं को यह भी जानकारी दी जाए कि श्रीमद्भगवद् गीता में दिए गए उपदेश सांख्य, मनोविज्ञान, तर्कशास्त्र, व्यवहार विज्ञान एवं नैतिक दर्शन पर आधारित हैं, जो धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से संपूर्ण मानवता के लिए उपयोगी हैं।

विद्यालय स्तर पर यह भी सुनिश्चित किया जाए कि छात्र-छात्राओं को श्रीमद् भगवद् गीता के श्लोक केवल विषय या पठन सामग्री के रूप में न पढ़ाए जाएं, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यह प्रयास उनके जीवन एवं व्यवहार में भी परिलक्षित हो। हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाए कि छात्र-छात्राओं के चारित्रिक विकास, आत्म-नियंत्रण, जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण के विकास, व्यक्तित्व निर्माण, विज्ञान सम्मत सोच विकसित करने एवं उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लिए श्रीमद् भगवद् गीता की शिक्षा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर श्रीमद् भगवद् गीता और रामायण को राज्य पाठ्यचर्या की रुपरेखा में शामिल कर लिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती के मुताबिक विद्यालयी शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या की रूपरेखा की सिफारिश के अनुरूप पाठ्य पुस्तकों को अगले शिक्षा सत्र से लागू किया जाना प्रस्तावित है।

**News कॉर्नर**

### भारत में टेस्ला के पहले शोरूम की लॉन्चिंग, मुंबई के बीकेसी में खुला पहला सेंटर

**मुंबई।** मशहूर इलेक्ट्रिक कार निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में औपचारिक रूप से एंट्री कर ली है। मंगलवार को मुंबई के बीकेसी में टेस्ला के पहले शोरूम की लॉन्चिंग हुई। टेस्ला का शोरूम मुंबई में बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स के मेकर मैक्सिटी मॉल में खुला है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टेस्ला के शोरूम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने देश में टेस्ला का स्वागत करते हुए कहा कि %टेस्ला, वेलकम टू इंडिया%। भारत में टेस्ला की योजनाओं को लेकर काफी चर्चाएं हैं। हालांकि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी पहले ही साफ कर चुके हैं कि टेस्ला फिलहाल भारत में कारों का उत्पादन नहीं करेगी। कुमारस्वामी ने कहा कि %टेस्ला फिलहाल भारत में अपनी कारें बेचना चाहती है और इसके अलावा उनकी कोई और योजना नहीं है।% टेस्ला ने अभी तक अपनी योजनाओं पर चुप्पी साधी हुई है। इस साल की शुरुआत में टेस्ला ने भारत में कर्मचारियों की भर्ती शुरू कर दी थी, जिसके बाद ही टेस्ला के भारतीय बाजार में दाखिल होने की चर्चाएं शुरू हो गईं थी। टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने भी पूर्व में भारत में निवेश की इच्छा जता चुके हैं।

**हिमाचल प्रदेश के कई भागों में झमाझम बारिश का दौर जारी**

## भूस्खलन से 220 सड़कें बाधित अब तक 105 लोगों की गई जान

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

प्रदेश के कई भागों में झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। राज्य में आपदा के 16वें दिन बाद भी मंगलवार सुबह 10ः00 बजे तक 220 बाधित रहीं।

हिमाचल प्रदेश के कई भागों में झमाझम बारिश का दौर लगातार जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान जुब्बड़हट्टी में 56.0, काहू 39.5, बिलासपुर 30.8, स्लापड़ 30.1, कसौली 28.0, धर्मपुर 24.2, कुफरी 23.0, बग्गी 22.8, मुरारी देवी 21.8, पच्छाद 19.1, करसोग 19.0, शिमला 18.8 व जोत में 17.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं शिमला के कसुम्पटी में देवदार का एक पेड़ भवन की छत पर गिर गया। इससे भवन की छत टूट गई है। हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। सूचना मिलने के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। रामनगर में सड़क किनारे खड़ी गाड़ी पर एक बड़ा पत्थर गिर गया। इससे गाड़ी का सामने वाला शीशा टूट गया। सोलन जिले के



नालागढ़ के कंगनवाल के समीप चिकनी खड्डु में फंसे दो कामगारों को सुरक्षित बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार दो कामगार बहादुर व सतनाम सिंह मंगलवार सुबह ड्यूटी पर जा रहे थे और अचानक चिकनी खड्डु में जलस्तर बढ़ गया। इससे दोनों बीच खड्डु में फंस गए। कामगारों ने शेर मचाया। इसके बाद गांव के लोग आए। अधिवक्ता विजय सिंह, अनिल कुमार व टेंक चंद खड्डु में उतरे और नजदीक जाकर रस्सी से दोनों कामगारों को बाहर निकाला। दोनों कामगार सुरक्षित बाहर आने से अपनी ड्यूटी पर चले गए। इस मानसून सीजन में 20 जून से 14 अगस्त तक राज्य में बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन सहित अन्य कारणों से 105 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 184 लोग घायल हुए हैं। अभी भी 35 लोग लापता हैं। 44 लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई है। मानसून सीजन में अब तक करीब 1235 कच्चे-पक्के मकानों, दुकानों को क्षति पहुंची है। 798 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। 953 पालतु पशुओं व 21,500 पोल्ट्री पक्षियों की मौत हुई है। नुकसान का कुल आंकड़ा 78,667.36 लाख रुपये पहुंच चुका है।

## कनाया से आकर युवती ने थामा 12वीं पास का हाथ, परिजन पहुंचे रामनगर, कोतवाली में हंगामा

**हल्द्वानी/रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

कनाडा में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही युवती को इंस्टाग्राम के जरिये मालधनचौड़ के 12वीं पास युवक से प्यार हो गया। युवती मालधनचौड़ पहुंची। यहां उसने प्रेमी युवक से शादी कर ली। युवती के परिजनों के पहुंचने पर रामनगर कोतवाली में जमकर हंगामा चला।

कनाडा में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही युवती को इंस्टाग्राम के जरिये मालधनचौड़ के 12वीं पास युवक से प्यार हो गया। युवती कनाडा से तेलंगाना और फिर मालधनचौड़ पहुंची। यहां उसने प्रेमी युवक से शादी कर ली। युवती के परिजनों के पहुंचने पर रामनगर कोतवाली में सोमवार को चार घंटे तक हंगामा चलता रहा। मूलरूप से हैदराबाद (तेलंगाना) के साकेत स्वारना निवासी 19 वर्षीय युवती अपने माता-पिता के साथ कनाडा में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही थी। युवती के पिता इंजीनियर और मां प्रोफेसर हैं। इंस्टाग्राम के जरिये युवती का मालधनचौड़ के 23 वर्षीय युवक से संपर्क हुआ। 12वीं पास युवक के पिता सेना में हैं और वह अपनी मां के साथ रुड़की में रहकर आर्मी भर्ती की तैयारी कर रहा है। एसएसआई द्वितीय मनोज नयाल ने बताया कि इंस्टाग्राम से दोनों संपर्क में आए। दोनों में प्यार हुआ और फिर उन्होंने शादी करने की ठान ली। कुछ समय पूर्व युवती अपने माता-पिता के साथ हैदराबाद पहुंची थी।

10 जुलाई को वह घर से बिना बताए कहीं चली गई तो परिजनों ने वहां के थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई। युवती हैदराबाद से रुड़की पहुंची और प्रेमी से मिली। दोनों रुड़की में ही कोर्ट मैरिज करना चाहते थे। आधार कार्ड में युवक का पता मालधनचौड़ का था। ऐसे में वहां शादी नहीं हो पाई। दोनों रविवार शाम मालधनचौड़ पहुंचे और सोमवार सुबह उन्होंने मंदिर में शादी कर ली। बेटी की लोकेशन ट्रेस करते हुए युवती के माता-पिता हैदराबाद पुलिस के साथ मालधनचौड़ पहुंचे।

वहां से पुलिस दोनों को लेकर कोतवाली रामनगर आई। कोतवाली में युवती के परिजनों ने उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। करीब चार घंटे तक हंगामा चलता रहा। एसएसआई ने बताया कि हैदराबाद पुलिस युवती को परिजनों के सुपुर्द कर वापस चली गई है। फिलहाल युवती के माता-पिता युवक के परिजनों के साथ मालधनचौड़ चले गए हैं।

## ट्रक और डंपर की भीषण टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**श्रीनगर**

**हमारे संवाददाता**

देवप्रयाग से श्रीनगर की ओर जा रहा एक खाली डंपर और श्रीनगर से ऋषिकेश की ओर आ रहे एक ट्रक के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में एक चालक की मौत हो गई। ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि डंपर चालक घायल हो गया। यह दुर्घटना देवप्रयाग के पास मूल्यगांव स्थित पतंजलि आश्रम के समीप हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थानाध्यक्ष लखपत सिंह बुटोला ने बताया कि मंगलवार सुबह देवप्रयाग से श्रीनगर की ओर जा रहा एक खाली डंपर और श्रीनगर से ऋषिकेश की ओर आ रहे एक ट्रक के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। इस भीषण दुर्घटना में जान गंवाने वाले ट्रक चालक की पहचान ताजबर सिंह पुत्र श्री गोविंद, निवासी गणेश नगर, रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है। वहीं, डंपर चालक महावीर महर पुत्र सुर्जन सिंह, ग्राम ज्ञानासु, टिहरी घायल हो गए हैं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस द्वारा दोनों वहानो को सड़क से हटा कर साइड कर दिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस ने की सख्ती, 16 पेटी देशी शराब बरामद

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पंचायत चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और अपराधमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से नैनीताल पुलिस ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। इस क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत पुलिस व एसओजी की टीमों ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की और दो तस्करों को गिरफ्तार किया।

एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ के नेतृत्व में कोतवाली हल्द्वानी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने सोमवार को बरेली रोड स्थित नेगी



भोजनालय पर छापा मारकर वहां से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। मौके से पंकज पलडिया पुत्र स्व. आनंद बल्लभ पलडिया, निवासी बरेली रोड, तल्ली हल्द्वानी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से कुल 16 पेटी देशी मसालेदार शराब बरामद की गई, जिसमें कुल 768 टेट्रा पैक शामिल हैं। आरोपी के खिलाफ कोतवाली हल्द्वानी में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

इसी क्रम में कोतवाली लालकुआं पुलिस ने भी सख्त कार्रवाई करते हुए स्लीपर फैक्ट्री के पास से एक शराब तस्कर को धर दबोचा। आरोपी की पहचान अजय उर्फ नाटा, निवासी 2 किलोमीटर घोड़ानाला, बिंदुखत्ता, लालकुआं के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के पास से 68 पाउच कच्ची खाम शराब बरामद की, जिसे वह प्लास्टिक के कट्टे में लेकर जा रहा था। उसके खिलाफ भी आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा कि पंचायत चुनावों को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अवैध शराब, नशा तस्करी और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ जिला पुलिस सख्त रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और एसओजी को निर्देश दिए हैं कि किसी भी हाल में शांति भंग करने वाले तत्वों को बख्शा न जाए।

# पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अलायन्स ऑर्गेनाइजेशन देहरादून के तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से हिमालय की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्द्धन एवं विकास विषय पर अध्ययन एवं शोध कार्य तथा पारंपरिक लोक कलाओं का प्रशिक्षण संपन्न होने के उपरांत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटद्वार में सोमवार को एक भव्य पौराणिक सांस्कृतिक कार्यक्रम (डांस एवं ड्रामा) का आयोजन किया गया।



इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या सुषमा दास एवं विशिष्ट अतिथि तृप्ति कुकरेती द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अलायन्स ऑर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष माया राणा द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन राकेंद्र रौथाण द्वारा एवं नृत्य निर्देशन अंकित भट्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में माया राणा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि अलायन्स ऑर्गेनाइजेशन उत्तराखंड में संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन और प्रचार प्रसार के लिए सतत कार्य कर रही है और हिमालय केवल एक भौगोलिक श्रृंखला नहीं अपितु आस्था, अध्यात्म व परंपरा और लोकजीवन का सजीव प्रतीक है। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य सुषमा दास ने कहा हिमालय की संस्कृति केवल हमारी धरोहर नहीं बल्कि समूचे देश और मानवता का आधार है, इसका संरक्षण केवल सरकार का ही नहीं जन-जन का उत्तदायित्व है,बोली कि हमें अपने छोटे-छोटे प्रयासों से भी हिमालय और उसकी संस्कृति की रक्षा करनी होगी। विशिष्ट अतिथि तृप्ति कुकरेती ने कहा कि यह संस्कृति सिर्फ इतिहास नहीं बल्कि भविष्य की दिशा है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गढ़ वंदना एवं माँ नंदा.सुनंदा की स्तुति प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात गढ़वाली लोकगीत, झोड़ा, युगल नृत्य, नंदा राजजात, सामूहिक लोकनृत्य तथा अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा परिसर उत्तराखंडी सांस्कृतिक रंग में रंग गया। नृत्य कलाकारों मेंरोहित, विशाल नेगी, शिवम् आर्य, मोनिका आर्य, मिनाक्षी नेगी, प्रिय लखेड़ा, सोनाली रावत, मधुलिका व पूजा नेगी, वंदना पांडेय जबकि गायन में शिवांगी घिल्डियाल, अक्षरा, राकेंद्र, अंकित भट्ट वहीं हारमोनियम में राकेंद्र रौथाण, ढोलक में सुधांशु बिष्ट,हुडका में पुनीत,बांसुरी में राजन बिष्ट रहे। मंच संचालन प्रमोद रावत ने किया।



# भूमियाधार हनुमान मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की प्रतिष्ठित आशीर्वाद वूमेंस कलब द्वारा सोमवार को भवाली-ज्योलीकोट मोटर मार्ग स्थित भूमियाधार हनुमान मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कलब द्वारा मोगरा, एरिका, पाम, मधु, दामिनी, अली मंडा, बोगनविलिया, जेरेनियम, डेंटास, बरगद तथा फि यूसीया जैसे कई सदाबहार पौधों का रोपण कर धरा को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। पौधरोपण के साथ ही कलब की ओर से मंदिर परिसर में साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए मंदिर के पुजारी को कूड़ेदान भी मुहैया कराया गया। कार्यक्रम में कलब की शोभा गुप्ता,गीता साह, रेखा त्रिवेदी, मोनिका, रेखा कंसल, नीलू एल्हेंस, वर्षाअंजली श्रीवास्तव, मंजू बिष्ट, निधि कंसल, मानसी गर्ग तथा मीनू समेत बिरला विद्या मंदिर के पूर्व छात्र व प्रकृतिप्रेमी अजय गुप्ता का विशेष योगदान रहा।अंत में हनुमान चालीसा के पाठ के साथ समस्त पौधे रोपित गमले गत वर्षो की भांति मंदिर के पुजारी को देखभाल के लिए दिए गए।

# डीएम के दिशा निर्देशों पर मानसून विशेष सफाई पखवाड़ा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद प्रशासन ने सोमवार से जिलाधिकारी वंदना सिंह के दिशा-निर्देशों के क्रम में मानसून विशेष सफाई पखवाड़े की शुरुआत कर दी है। इसी क्रम में पहले दिन वार्ड संख्या एक (स्टाफ हाउस) में जहां नालियों की सफाई के लिए वृहद अभियान चलाया गया वहीं कटिली झाडियों को काटा गया।

पखवाड़े का संचालन पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहताश शर्मा एवं उप जिलाधिकारी नवाजिश खलीक के संयुक्त नेतृत्व में किया गया जिसमें राजस्व विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की टीमों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। सफ ाई कार्य के दौरान पालिका के पर्यावरण मित्रों द्वारा वार्ड के सभी नालों व नालियों एवं आसपास के क्षेत्रों की वृहद सफ ाई की गई साथ ही मार्गो के किनारे उगी झाड़ियों की छंटाई कर रास्तों को साफ.सुथरा किया गया। एकत्रित कूड़े को मौके पर मौजूद पालिका के कूड़ा वाहन द्वारा सुरक्षित रूप से उठाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान वार्ड के सभासद रमेश प्रसाद समेत मुख्य सफाई निरीक्षक सुनित कुमार एवं सफ ाई निरीक्षक कमल सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### प्रतिष्ठानों को अतिक्रमण न करने के निर्देश

**नैनीताल** । एसडीएम नवाजिश खलीक ने सोमवार को मल्लीताल स्थित गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में निरीक्षण किया और प्रतिष्ठानों को अतिक्रमण न करने के लिए निर्देशित किया। एसडीएम ने बताया कि विगत दिनों मल्लीताल मस्जिद और तल्लीताल बाजार में हुए जल भराव के दृष्टिगत सोमवार को निरीक्षण किया गया और पाया गया कि कुछ स्थानों पर नालियां तथा नाले दुकानों तथा प्रतिष्ठानों की ओर से किए गए अतिक्रमण के चलते बंद हैं। इस संबन्ध में संबंधित दुकानदार को निर्देशित किया गया है कि वह तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटा लें अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना आदि मौजूद रहे।



### 374वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल** । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 374वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत सोमवार को उनके नेतृत्व में प्रतिदिन की भांति गुरना देवी मंदिर परिसर स्थित गुरना वाटिका द्वितीय में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण आंदोलन जारी रहेगा।



### पेड़ की बड़ी टहनी टूटकर सड़क पर गिरी

**नैनीताल** । बीडी पांडे अस्पताल के समीप सोमवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। शहतूत के पेड़ की एक बड़ी टहनी अचानक टूटकर सड़क पर जा गिरि। यह घटना ऐसे समय हुई जब आमतौर पर इस पेड़ के नीचे कई वाहन खड़े रहते हैं। गनीमत रही कि जब टहनी गिरी, उस समय उसके नीचे कोई गाड़ी या व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी भी प्रकार के जान-माल की हानि होने से बच गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वन विभाग के कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरी हुई टहनी को तत्काल सड़क से हटा दिया, जिससे यातायात बाधित नहीं हुआ और किसी को परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ा। वही वन विभाग अधिकारी विमला नगरकोट ने बताया कि पेड़ की टहनी टूटने से किसी भी प्रकार की हानि नही हुई है, सड़क से पेड़ हटा दिया गया है।

# न्यायिक अधिकारियों के सम्मान में बार एसोसिएशन द्वारा विदाई समारोह



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जजी कोर्ट स्थित बार सभागार में हल्द्वानी से स्थानांतरित हुए न्यायिक अधिकारियों के सम्मान में बार एसोसिएशन द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रथम अपर जिला जज कुंवर अमनिन्दर सिंह, द्वितीय अपर जिला जज नीलम रात्रा, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सी) सुधीर तोमर, सिविल जज (सी0डि0) ज्योति बाला, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार पाण्डे, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेलवे) जीरेन्द्र भट्ट, प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित महेश और द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट विशाल गोयल को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सभी अधिवक्ताओं ने सभी न्यायिक अधिकारियों द्वारा विगत वर्षो में किये गये कार्यों की सराहना की, तथा उनके आचरण और व्यवहार की प्रशसा की।न्यायिक अधिकारियों द्वारा भी हल्द्वानी बार एसोसिएशन की खुले मन से प्रशंसा की और कहा कि हल्द्वानी में कार्यकाल के दौरान बिताये गये पल हमारे लिए अविस्मरणीय हैं।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर मावभीनी विदाई दी गई। समारोह का संचालन सचिव मोहन सिंह बिष्ट तथा अध्यक्षता अध्यक्ष किशोर कुमार पन्त द्वारा की गई। इस दौरान उपाध्यक्ष सुनील पुन्डीर, महिला उपाध्यक्ष भगवती पलडिया, सयुक्त सचिव योगेश कुमार लोहनी, संयुक्त सचिव प्रेस योगेन्द्र कुमार पाठक, लेखाधिकारी आर पी पाण्डे, सदस्यगण हरेन्द्र सिंह पडियार, लोकेश राज बौधरी, पंकज कबडवाल, मोहित पाण्डे, राम सिंह बसेड़ा, बसत जोशी, गोविन्द सिंह बिष्ट, अब्दुल मतीन, मो.यूसुफ, धनानन्द जोशी, जी0एन0 महतोलिया, विनोद जोशी, सतपाल सिंह, दीपक अधिकारी, दिगम्बर किरौला, आनन्द पाण्डे बी0पी0 जोशी, एम0सी0 पाठक, हरीश चन्द्र आर्यो, हेमा सुयाल, बसन्ती गड़िया, मेहनाज जहाँ आदि समस्त अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# रामा माउंटेसरी स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आशा फाउंडेशन द्वारा लगातार चली आ रही मुहिम के तहत सोमवार को नगर के प्रतिष्ठित रामा माउंटेसरी स्कूल के बालिकाओं और शिक्षिकाओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा द्वारा स्कूल की बालिकाओं और शिक्षिकाओं को स्वयं के प्रति सचेत रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज में भी जागरुकता लाने का आह्वान किया गया। कहा कि बच्चों में सही विकास की पहली सीढ़ी शिक्षा के साथ जागरूकता भी है।

इस उम्र में उनको अच्छे और बुरे की पहचान होना बेहद जरुरी है इसलिए आज शिक्षिकाओं के साथ उनको कैंसर जैसी महामारी पर्यावरण संबंधी जानकारी और समाज में फैली बहुत सारी गलत अवधारणा जिनके प्रति सचेत रहना बेहद जरुरी है। बालिकाएं अपने घर में जाकर घर के प्रत्येक सदस्य को इन सब बातों से अवगत कराएं और अपनी माता बहनों को अपना ध्यान रखने के लिए बोले। आशा फाउंडेशन के द्वारा स्कूल की सभी शिक्षिकाओं तथा बालिकाओं को कपड़े से बनी हुई पैड्स जिनको रियूसेबल पैड्स जो बार बार धोकर इस्तेमाल कर सकते हैं वह दिए गए इनका इस्तेमाल लगभग 2 साल तक आसानी से हो सकता है इनसे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। कहा कि इनके इस्तेमाल से पर्यावरण की सुरक्षा में अपना सफल योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के तहत लगभग 60 बच्चियों और शिक्षिकाओं को पैड्स वितरित किया गया।

इससे पूर्व रामा माउंटेरी स्कूल की चेयरपर्सन नीलू एल्हेंस ने आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा का स्कूल परिवार से स्वागत किया। फ उंडेशन की टीम की तरफ से मुन्नी तिवारी, ईशा शाह,शगुन सलाल आदि मौजूद थे। अंत में अध्यक्ष आशा शर्मा ने स्कूल प्रबंधन का और प्रिंसिपल हिमानी शाह और पूरे स्कूल के सभी शिक्षिकाओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया जबकि नीलू एल्हेंस ने सबका आभार जताया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## खतरे की अनदेखी

*अनियोजित और अवैध खनन से नदियों के मुहाने बंद हो गये हैं। बरसात होने पर बाढ़ का पानी मुख्य धारा में नहीं बह पाता और आसपास आबादी वाले क्षेत्र का रुख करता है। पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। मानसून की शुरुआत में ही भूस्खलन से अनेक सड़कों पर यातायात बंद हो गया। पर्वतीय क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थिति के कारण सड़क और पानी निकासी के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान है। भाबर और तराई में मानसून से पहले नहरों और नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा किया गया था। कुछ नहरों की सफाई की गई और जेसीबी से मलबा निकाल कर नहर के किनारे ढेर लगा दिया गया। बारिश होने पर कूड़ा-कचरा नहर में ही समा रहा है।*

शासन और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठना मामूली बात है। मानसून शुरू होते ही हादसे होने लगे। हाईकोर्ट कई बार नदियों के चैनलाइजेशन, बाढ़ राहत कार्य और मलबा उठाने का आदेश राज्य सरकार को दे चुका है। मानसून की पहली बारिश में ही कई नदियों में आई बाढ़ से भूकटाव होने लगा। हल्द्वानी की गौला नदी ने मानसून के दौरान रेल की पटरियों के नीचे भूकटाव करके ट्रेन यातायात बाधित कर दिया था। सर्दी और गर्मी का मौसम बीत गया, लेकिन मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। बरसात शुरू होने पर रेलवे ट्रैक को पुख्ता करने की याद आई। यह सिर्फ एक उदाहरण है, प्रदेश की अन्य नदियों द्वारा पिछले साल बरसात के दौरान बाढ़ और भूकटाव से जिन बस्तियों को खतरा पैदा किया गया था, उनकी मरम्मत का काम नहीं किया गया। जनहित याचिका में कहा गया है कि नंधौर, गौला, कोसी, गंगा, दाबका आदि नदियों से हो रहे भूकटाव से आबादी वाले क्षेत्रों को खतरा उत्पन्न हो गया है। पिछले साल नदियों में उफान से हजारों हेक्टेयर वन भूमि, पेड़ और सरकारी योजनाएं बह गई थीं। चैनलाइजेशन नहीं करने से नदियों ने अपना रुख आबादी की तरफ कर लिया है। पिछले साल ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, हल्द्वानी, रामनगर, रुड़की, देहरादून में बाढ़ से भारी क्षति हुई थी। हल्द्वानी में गौला नदी में बाढ़ से सबसे अधिक खतरा रेलवे ट्रैक को होता है। काठगोदाम से किच्छा तक रेल लाइन गौला नदी के किनारे से गुजरती है। हर साल किसी न किसी जगह गौला के भूकटाव से रेलवे लाइन हवा में झूलने लगती है। ट्रेनों का संचालन स्थगित करना पड़ता है। पिछले साल हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर ही रेल लाइन के नीचे की जमीन को गौला नदी की बाढ़ ने खोखला कर दिया था। दूसरी लाइन से यातायात का संचालन किया गया। मानसून का मौसम बीत जाने के बाद भूकटाव से हुई क्षति को दुरुस्त नहीं किया गया। बरसात शुरू होने पर मरम्मत की जा रही है, जबकि सर्दी और गर्मी के मौसम में नदी का रुख बदला जा सकता था। अनियोजित और अवैध खनन से नदियों के मुहाने बंद हो गये हैं। बरसात होने पर बाढ़ का पानी मुख्य धारा में नहीं बह पाता और आसपास आबादी वाले क्षेत्र का रुख करता है। पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में भी मरम्मत का कार्य नहीं किया गया। मानसून की शुरुआत में ही भूस्खलन से अनेक सड़कों पर यातायात बंद हो गया। पर्वतीय क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थिति के कारण सड़क और पानी निकासी के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान है। भाबर और तराई में मानसून से पहले नहरों और नालों की तलीझाड़ सफाई का दावा किया गया था। कुछ नहरों की सफाई की गई और जेसीबी से मलबा निकाल कर नहर के किनारे ढेर लगा दिया गया। बारिश होने पर कूड़ा-कचरा नहर में ही समा रहा है।

# न्यायिक अधिकारियों का विदाई समारोह कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**




जिला बार एसोसिएशन ने सोमवार को न्यायिक अधिकारियों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। बता दें बार सभागार में आयोजित समारोह में अपर जिला जज (प्रथम) विक्रम, न्यायिक मजिस्ट्रेट तनुजा कश्यप व न्यायिक मजिस्ट्रेट (द्वितीय) आयशा फ रहीन को विदाई दी गई।

इससे पहले तीनों ही न्यायिक अधिकारियों को बार संघ पदाधिकारियों द्वारा सममानित भी किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने अपर जिला जज प्रथम विक्रम की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बेहद संवेदनशील व न्यायप्रिय बताते हुए अधिवक्ताओं के प्रति उनके व्यवहार को उच्चतम स्तर का बताया जबकि सचिव दीपक रुवाली ने अपने संबोधन में मजिस्ट्रेट तनुजा कश्यप व आयशा फ रहीन की कार्यशैली की सराहना की।

अपर जिला जज ने अपने संबोधन में बार एसोसिएशन की प्रशंसा करते हुए उसे व्यवहारिक बताया। कहा कि बार व बेंच दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं।

इस दौरान एसीजेएम नेहा कुशवाहा, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शंकर सिंह चौहान, उपसचिव दीपक पांडेय, गौरव कुमार, शशांक कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष मोहन जोशी, नीरज साह, राजेन्द्र कुमार पाठक, बी के सांगूड़ी, गिरीश खोलिया, प्रीति साह, मंजू कोटलिया, डीजीसी सिविल पंकज बिष्ट, डीजीसी क्रिमिनल सुशील कुमार सिंह, एडीजीसी राम सिंह रौतेला, पूजा साह, हेमा शर्मा, संजय बिष्ट, फैजल साह, संजय सुयाल, संजय बिष्ट, अशोक मौलखी, दीपक सिंह दानू, किरन आर्या, मो. खुर्शीद, संजय त्रिपाठी, कैलाश बल्यूटिया, अनिल बिष्ट, कैलाश जोशी, मुकेश चंद्र, पंकज कुमार, दीपक बिष्ट, अनिल बिष्ट, रवि कुमार, तरुण चंद्रा, मो. तस्लीम, ललित रावत, गंगा सिंह बोरा, रितेश सागर, सुभाष जोशी, मुकेश कुमार, हितेश पाठक, प्रमोद कुमार, गिरीश जोशी, शरत चंद्र साह, अखिल साह, भगवत सिंह जंतवाल, उमेश चंद्र कांडपाल, संतोष आगरी, अनिल हर्नवाल, दिनेश चंद्र आर्य, मुकेश कुमार व मनीष कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत

**हल्द्वानी।** शहर में एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कालाढूंगी रोड स्थित नैनीताल तिराहे पर हुई, जहां तेज रफ्तार और हेलमेट न पहनने के चलते बाइक फिसल गई और चालक के सिर में गंभीर चोट आ गई

मृतक की पहचान डाक बंगला वार्ड नंबर एक निवासी नीरज सिंह अधिकारी (पुत्र हीरा सिंह) के रूप में हुई है, जो स्थानीय दुकान में कार्यरत थे। पुलिस के मुताबिक, नीरज देर रात करीब 12 बजे अपनी बाइक से कालाढूंगी रोड होते हुए घर लौट रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नीरज की बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था। नैनीताल तिराहे के पास अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। चोट इतनी गहरी थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पंजाब पोस्टमार्टम कराकर सब उसके परिजनों को सौंप दिया है इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

## उत्तराखंड मुक्त विवि का छः दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**



उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के द्वारा छः दिवसीय ऑनलाइन व ऑफलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, ऑनलाइन लर्निंग मूक्स एंड ए.आई. इन ओ. डी. एल. के ऊपर शुरुआत की गई। जिसका उद्देश्य दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षण के लिए प्रभावी पाठ्यक्रम डिज़ाइन करना , शैक्षणिक मॉडल और डिजिटल उपकरणों की व्यापक समझ, ऑनलाइन पाठ्यक्रम और मूक्स को डिजाइन करने और वितरित करने में व्यावहारिक कौशल, ओ. डी. एल में ए.आई अनुप्रयोगों का विश्लेषण करना , शिक्षार्थी सहायता, व्यक्तिगत शिक्षण, मूक्स प्लेटफार्मों, ए.आई.- संचालित उपकरणों और डिजिटल सामग्री निर्माण, आकलन और मूल्यांकन, और ऑनलाइन/ मूक्स वितरण के साथ व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से दक्षताओं को विकसित करना है।

कंप्यूटर विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रोफेसर जितेन्द्र पांडे के द्वारा ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.संतोष पांडा पूर्व निदेशक, स्ट्राइड, इग्नू, का स्वागत किया गया, प्रो.संतोष पांडा ने उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए दूरस्थ शिक्षा में ऑनलाइन शिक्षण, मूक और एआई के वर्तमान और भविष्य के संभावना और चुनौतियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर ओ. पी. एस. नेगी ने मुख्य अतिथि प्रो.संतोष पांडा पूर्व निदेशक, स्ट्राइड, इग्नू, का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि पहले से ही विश्वविद्यालय ने अपने आप को ऑनलाइन शिक्षा के रूप में मज़बूत व सक्षम बनाया है और दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षण के लिए प्रभावी पाठ्यक्रम डिज़ाइन करके मूक्स प्लेटफार्म व ओ. डी. एल. में ए. आई. के जरिये ऑनलाइन शिक्षण को प्रभावी व विकसित कर छात्रों तक पहुंचाना उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का लक्ष्य है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आशुतोष कुमार भट्ट द्वारा किया गया, धन्यवाद प्रस्ताव प्रो. पी. डी. द्वारा दिया गया । फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अपने सत्र में प्रो.संतोष पांडा ने नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क, ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज, स्किल एजुकेशन और स्वयं प्लेटफार्म में पाठ्यक्रम को विकसित करने हेतु प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक बताया ।

ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डा. खेमराज भट्ट, डा. राकेश रायल, डा. बालम सिंह दफौटी, डा. कमल देवलाल, ललिता बिष्ट, डा. शिल्पा गुणवंत, आशीष जोश, रिया गिरि ,हिमानी साह, डा. नीलिमा बुधानी तथा अन्य सभी शिक्षक ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में जुड़े रहे ।

# फिल्मी दुनिया

## दीया मिर्जा ने की हेड्स ऑफ स्टेट की तारीफ, प्रियंका ने दी प्रतिक्रिया



*बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा और नेहा धूपिया ने प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट देखी और उनके शानदार अभिनय की जमकर तारीफ की। फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट में प्रियंका के साथ जॉन सीना और इदरीस एल्बा ने मुख्य भूमिका निभाई है। दीया ने सोशल मीडिया की स्टोरी पर उनकी फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की तस्वीर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। एक्ट्रेस दीया मिर्जा ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की एक खास तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में प्रियंका के साथ इरदीस एल्बा और जॉन सीना नजर आ रहे हैं। इस शानदार तस्वीर के साथ दीया ने लिखा, प्रियंका, तुम पर बहुत गर्व है! तुम्हारा अभिनय देखना शानदार अनुभव है। तुमने कमाल कर दिखाया, देसी गर्ल! प्रियंका ने जवाब में दीया का शुक्रिया अदा किया। दीया मिर्जा के अलावा नेहा धूपिया ने भी प्रियंका की जमकर तारीफ की। नेहा ने लिखा, फिल्म में प्रियंका को देखना अद्भुत था। तुम एक ताकतवर और प्रेरणादायक महिला हो। चमकती रहो! प्रियंका ने नेहा के प्यारे शब्दों के लिए उनका धन्यवाद किया।*

### फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट

*हेड्स ऑफ स्टेट एक राजनीतिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जो 2 जुलाई को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। इसमें दो नेता, डेरिंगर और क्लार्क, एक वैश्विक आपदा को रोकने के लिए मिलकर काम करते हैं। वे एजेंट नोएल की मदद से खतरनाक मिशनों और राजनीतिक उथल-पुथल से जूझते हैं। कथित तौर पर प्रियंका निर्देशक एसएस राजामौली की एक बड़ी फिल्म में महेश बाबू के साथ काम कर रही हैं, जिसके भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने की उम्मीद है।*

## सनी सिटी कालोनी में चोरों ने बंद मकान खंगाला, मुकदमा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**घटना**

- **चोर लाखों कीमती जेवरात समेत हजारों की नगदी उड़ा कर ले गए**

कोतवाली क्षेत्र सन सिटी कालोनी में चोरों ने बंद मकान खंगाल लिया। घर में रखे कीमती जेवरात समेत हजारों नगदी पर हाथ साफ कर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कई संदिग्ध नजर आ रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक सन सिटी कालोनी बगवाड़ा निवासी संतोख सिंह कुशवाहा पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि 10 जुलाई को वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने घर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाया हुआ था। देर रात चोरों ने उनके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। दरवाजे का ताला टूटा देख पड़ोसी ने उन्हें जानकारी दी। वह घर पहुंचे तो अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। घर की अलमारी में रखे सोने के तीन अंगूठी, एक मंगलसूत्र, एक पेंडल, तीन नाक की रिंग, चांदी की दो पायल, दो बिछिया, पचार ग्राम चांदी की बिस्किट तथा 15 हजार की नकदी गायब थी। यह देख उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर बगवाड़ा चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो उसमें दो संदिग्ध दिखाई दिए। इधर, पुलिस ने अज्ञात चोरों पर प्राथमिकी पंजीकृत कर फुटेज के आधार पर उनकी पहचान के प्रयास शुरू कर दिए है। साथ ही कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए भी हिरासत में लिया है। चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल ने बताया कि चोरों के संबंध में अहम जानकारी मिली है, उस पर काम किया जा रहा है, जल्द ही चोरी का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

News कॉर्नर

## दो बाईकें आपस में टकराई, एक व्यक्ति की मौत

**रुद्रपुर।** बगवाड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र मलसा गिरधरपुर में दो बाइकों की आपस में टकरा गई। इससे बाईक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बगवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक ग्राम अदपुर बहेड़ी बरेली यूपी निवसी 50 वर्षीय चंद्रपाल पुत्र राम भरोसे रुद्रपुर सिडकुल में एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार सुबह वह घर से बाईक से आ रहा था। इसी बीच किच्छा रोड स्थित मलसा गिरधरपुर तुलसी द्वार के पास सामने से आ रही एक अन्य बाईक से टकरा गई।

# शैक्षिक युवा उत्कृष्टा और बुजुर्ग सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

साह- चौधरी समाज द्वारा शैक्षिक युवा उत्कृष्टा और बुजुर्ग सम्मान कार्यक्रम का आयोजन रॉयल होटल सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुखय अतिथि कुमाऊं यूनिवर्सिटी के पूर्व क्रीड़ाधिकारी प्रो. घनश्याम लाल साह जी और विशिष्ट अतिथि कूर्मांचल बैंक के सचिव संजय साह रहे।

इस दौरान स्वर्गीय जगमोहन लाल साह को इस वर्ष का साह चौधरी स्मृति सम्मान दिया गया,जबकि पालिका के युवा सभासद मनोज साह जगाती को शहर के एकमात्र साह चौधरी समाज के युवा सभासद बनने पर सममानित



किया गया। समाज के युवा उत्कृष्ट सममान भास्कर साह, सुमित साह, श्रण्या साह,कल्याणी साह गंगोला व श्वेता साह को दिया गया। शैक्षिक उत्कृष्ट सममान शिवांश साह गंगोला,चैतन्या साह,भव्या साह, महिमा साह,दिव्यांश साह व प्रियांशी साह को दिया गया। समाज के छोटे बच्चों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए जिसमें लावण्या

**सम्मान**

● छोटे बच्चों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए

साह,स्वर्णा साह,नंदा, तेजस्विनी साह व शैली साह द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा इस वर्ष का मुखय आकर्षण नैनी झील में वर्ष 19600 में तैराकी करके और लेक क्रॉस करने वाली मातृ शक्ति शीला साह और स्वर्गीय मंजू साह बिष्ट द्वारा को दिया गया। इसके अलावा नैनीताल के तालाब में तैराकी करके समाज के बंधनों को तोडक़र समाज की लड़कियों के लिए नए रास्ते खोले जिसके लिए शीला साह,मीना साह, हेमलता साह, शुभा साह,पूनम साह, गीता साह,सुनीता साह व लीला साह और स्वर्गीय मंजू साह बिष्ट के परिवार को सममानित किया गया। संचालन शैलेंद्र साह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पद्म श्री अनूप साह, घनश्याम लाल साह, राखी साह, वेद साह, डा.विनीता साह, रश्मि साह, ईशा साह, बृज लाल साह, दिग्विजय चौधरी, वंदना चौधरी,संगीता साह, ललित मोहन साह, विमल चौधरी, बिमल साह आदि उपस्थित थे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए साह चौधरी समाज के अध्यक्ष सुरेश लाल साह, सचिव सुरेश चंद्र चौधरी समेत शैलेन्द्र चौधरी, मयंक साह,मोहित लाल साह, हर्षित साह, मयंक साह, विमल साह, मनोज साह,हितेश साह और महिला उपाध्यक्ष भारती साह द्वारा योगदान दिया गया।

# पुलिस की आपरेशन कालनेमि अभियान के तहत ढोंगी लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देश पर जनपद में भोले भाले लोगों के साथ ठगी करने वाले व ढोंगी पीर फकीर,बाबाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन कालनेमि के तहत चौकी बगवाड़ा पुलिस ने क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान पुलिस ने उनसे पूछताछ की और सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया।

पुलिस के मुताबिक सोमवार को चौकी प्रभारी बगवाड़ा सुरेन्द्र रिंगवाल के नेतृत्व में आपरेशन कालनेमि अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने एक दर्जन ढोंगी पीर फकीर और बाबाओं से पूछताछ की गई। साथ ही उनका सत्यापन भी किया गया। पुलिस ने उन्हें गलत कार्य न करने की हिदायत दी। गलत कार्य करते पकड़े जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। एसएसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश पर ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखी



**कार्रवाई**

● क्षेत्र में घूम रहे पीर फकीर और बाबाओं को चौकी बुला कर सत्यापन

जाए। इनकी गतिविधियों पर भी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

चौकी बगवाड़ा पुलिस ने चौकी बुला कर उनका सत्यापन के पूछताछ की। टीम में एसआई मोहन चंद्र जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**इन लोगों से हुई पूछताछ:** नरसिंह पुत्र मेमराम निवासी बगवाडा रुद्रपुर,डम्बर नाथ पुत्र धनी राम बगवाड़ा रुद्रपुर, बालियां पुत्र राम भरोसा,ध्यान सिंह पुत्र बंगलिया, प्रदीप पुत्र पूरन,बलवीर सिंह पुत्र श्याम लाल, बबलू पुत्र रामस्वरूप, बलराम पुत्र बबू,गोविन्द राम पुत्र भल्ला राम,विजय पुत्र श्याम लाल, शोभा पुत्र मुखराम निवासी ग्राम मलसी चौकी बगवाड़ा थाना रुद्रपुर।

## त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को सकुशल कराने को पुलिस की अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई

**रुद्रपुर।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव 2025 को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पुलिस की जनपद में वारंटियो, विभिन्न अभियोगों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार किया। एसपी क्राइम निहारिका तोमर, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी के निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी और एसएसआई नवीन बुधानी के नेतृत्व में चौकी बगवाड़ा पुलिस ने 3967/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित वारंटी प्रीतम सिंह पुत्र स्व0 कुलवंत सिंह निवासी ग्राम शिमला पिस्तौर को शिमला पिस्तौर रुद्रपुर से गिरफ्तार किया है। एसएसआई ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है और संबंधित चौकी पुलिस को वांछित और वारंटियों की गिरफ्तारी को कहा गया है।

# यातायात उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

काठगोदाम पुलिस द्वारा यातायात उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाकर शराब के नशे में वाहन चलने वाले, हुड़दंग करने वाले 08 चालकों को गिरफ्तार कर 05 कारों और 03 बाईकों को सील किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर काठगोदाम खेड़ा खान मार्ग पर थानाध्यक्ष काठगोदाम पंकज जोशी के नेतृत्व चलाए गए अभियान के तहत 120 लोगों पर कार्यवाही की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 08 वाहन चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज किए गए। वहीं 31 व्यक्तियों पर एमवी एक्ट के तहत



चालानी कार्रवाई कर 14,500 का जुर्माना वसूला गया, साथ ही 07 हुड़दंगी व्यक्तियों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई कर 1,750 जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने साफ किया कि हुड़दंग करने वाले व शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जनता से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें।

# ट्रेन की चपेट में आने एक युवक की मौत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

ट्रेन की चपेट में आने एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज किया जा रहा है मंगल वार की सुबह दिल्ली से काठगोदाम आ रही रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेन ने मंगलवार सुबह दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा इन्द्रानगर रेलवे फाटक के पास उस समय हुआ जब दोनों युवक पटरी के किनारे चल रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब 5 बजे के आसपास यह हादसा हुआ। ट्रेन की चपेट में आए दोनों युवकों को तत्काल हल्द्वानी रेलवे स्टेशन लाया गया, जहां से जीआरपी द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान जीशान (20 वर्ष), पुत्र असफर खां, निवासी कांटा शनि बाजार रोड, इन्द्रनगर ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मोहसिन (25 वर्ष), पुत्र अमीर अहमद, निवासी उत्तर उजाला को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बरेली रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है, साथ ही घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

## खुरपिया में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती फंदे पर लटकी मिली

**किच्छा।** कोतवाली क्षेत्र खुरपिया में एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूलती मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को नीचे उतारने के बाद रुद्रपुर मोर्चरी भेज दिया। परिजनों ने युवक के ब्लैकमेल करने के कारण मानसिक अवसाद के चलते फंदे पर लटक आत्महत्या का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि खलवा खुरपिया फार्म में एक युवती फंदे पर लटकी हुई है।

# बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर मेरिट सूची जारी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

एमबीपीजी कॉलेज में बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु सोमवार को मेरिट सूची जारी कर दी गई। सामान्य श्रेणी में बीए व बीएससी गणित का कट ऑफ 67 फीसदी, बीकॉम का 62.67 और बीएससी बायोलॉजी का 64.8 फीसदी रहा। कुल 6255 सीटों के सापेक्ष 6017 छात्रों ने आवेदन किया, जिनमें से पहले चरण की मेरिट में 3142 छात्र-छात्राओं को स्थान मिला है।

आरक्षित श्रेणियों में कट ऑफ अलग-अलग रहा। बीए पाठ्यक्रम में ईडब्ल्यूएस का कट ऑफ 54,



ओबीसी 52.2, एससी 53 और एसटी 43.8 फीसदी रहा। बीएससी गणित में ईडब्ल्यूएस 53.6, ओबीसी 56.6, एससी 50.8 और एसटी 53.2 फीसदी रही। वहीं, बीकॉम में ईडब्ल्यूएस 49.6, ओबीसी व एसटी 46 और एससी का कट ऑफ 43 फीसदी रहा। बीएससी बायोलॉजी में ईडब्ल्यूएस 59.6, ओबीसी 44, एससी 51.8 और एसटी 56.8 प्रतिशत रहा। कॉलेज में आज 15 जुलाई से काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसमें छात्रों को पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी दी जाएगी। प्रवेश प्रक्रिया 17 जुलाई सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। महिला डिग्री कॉलेज में भी इसी तिथि से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसकी मेरिट सूची सोमवार देर शाम वेबसाइट पर जारी की गई। इधर, गौलापार डिग्री कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए 360 सीटों पर केवल 181 छात्रों ने ही समर्थ पोर्टल पर आवेदन किया है। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में मंगलवार को बैठक की जाएगी।

**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**हल्द्वानी (नैनीताल)**

**फोन: 05846-245873, वेबसाइट:** http://www.ukapmb.org, **ई मेल**-mandi_haldwani@yahoo.com

पत्रांक: कृ0उ0म0स0/2025-402 दिनांक: 12.07.2025

**आवश्यक सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, हल्द्वानी (नैनीताल) के प्रधान मण्डी स्थल के दुकान/गोदाम विहीन खाद्यान्न एवं गल्ला के लाइसेन्सधारी थोक व्यापारी, थोक व्यापारी/आढ़तिया एवं आढ़तिया को सूचित किया जाता है, कि प्रधान मण्डी स्थल में निर्मित "स" श्रेणी की 01 नग दुकान एवं 02 नग गोदामों का आवंटन प्रस्तावित है। उक्त 01 नग दुकान एवं 02 नग गोदामों का आवंटन विगत तीन वर्षों के औसत मण्डी शुल्क की वरीयता के आधार पर आवंटित किया जायेगा। अतः विहीन/गोदाम विहीन लाइसेन्सी दिनांक 21.07.2025 तक रू0 20.00 (रू0 बीस) मात्र समिति कार्यालय में जमा करन- आवेदन पत्र प्राप्त कर ले तथा उसे भरकर दिनांक 26.07.2025 की सायं तक मण्डी समिति कार्यालय में जमा कर दें। आवेदन पत्र में व्यापारियों/लाइसेंसियों द्वारा अंकित मण्डी शुल्क के विवरण का कार्यालय अभिलेखों से परीक्षण कर दिनांक 05.07.2025 को समिति के नोटिस बोर्ड पर फर्मवार सूची/विवरण चस्पा किया जायेगा। जिसमें तीन वर्षों के मण्डी शुल्क का वर्षवार विवरण अंकित होगा तथा उस विवरण के अनुसार ही अवरोही-क्रम में दुकान/गोदाम की उपलब्धता के अनुसासर आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। सभी व्यापारियों को तद्नुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचित किया जाता है।

**(डी0वी0 एस0देव)**
**सचिव श्रेणी-1**

**(ऋचा सिंह)**
**प्रशासक**